अभ्यास प्रश्न - पत्र कक्षा - 8 गणित

खंड A – बहुविकल्पीय प्रश्न (1×10=10)

1.–7 का योगात्मक व्युत्क्रम है

(क)–7 (ख)7 (ग)0 (घ)1

2. 8 का घन है

(क)16 (ख)64 (ग)512 (घ)256

3. एक समबाहु त्रिभुज के प्रत्येक कोण का मान होता है

(क)30° (ख)45° (ग)60° (घ)90°

4. रैखिक समीकरण में चर की घात होती है

(क)0 (ख)1 (ग)2 (घ)3

5. आयत के विकर्ण होते हैं।

(क)1 (ख)2 (ग)3 (घ)4

6. 1 मीटर में सेंटीमीटर होते हैं

(क)10 (ख)100 (ग)1000 (घ)10000

7. 5^2 का मान है

(क)10 (ख)20 (ग)25 (घ)30

8.एक घन में शीर्ष होते हैं

(क)6 (ख)8 (ग)10 (घ)12

9.y-अक्ष होता है

(क)क्षैतिज (ख)ऊर्ध्वाधर (ग)तिरछा (घ)वक्र

10.यदि किसी घटना की प्रायिकता 1 है तो घटना

(क)असंभव (ख)अनिश्चित (ग)निश्चित (घ)संभावित

खंड B – रिक्त स्थान भरिए (1×5=5)

11. $(-1)^3$ का मान ___ है।

12. चतुर्भुज के कोणों का योग ___ होता है।

13.घनाभ का आयतन = ___ × ___ × ___।

14.एक वृत्त में ___ व्यास होते हैं।

15.2,4,6,8 का औसत ___ है।

खंड C – लघु उत्तरीय प्रश्न (2×7=14)

16.–12 का योगात्मक व्युत्क्रम लिखिए।

17. 7 सेमी भुजा वाले वर्ग का परिमाप ज्ञात कीजिए।

18.$(-2)^4$ का मान ज्ञात कीजिए।

19 .आयत का क्षेत्रफल ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।

20.निर्देशांक ज्यामिति में मूल बिंदु क्या कहलाता है?

21.घन और घनाभ में एक अंतर लिखिए।

22.प्रायिकता का अधिकतम मान कितना हो सकता है?

खंड D – चित्र आधारित प्रश्न (चित्र दिए गए हैं) (3×3=6)

23.दिए गए आयत के चित्र को देखें



(क)आयत का परिमाप ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।(ख)यदि लंबाई 6 सेमी व चौड़ाई 3 सेमी हो तो क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

24.दिए गए घन के चित्र को देखें

(क)फलक की संख्या लिखिए। (ख)किनारों की संख्या लिखिए। (ग)शीर्षों की संख्या लिखिए।